[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No...............

DESHBANDHU COLLEGE LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

Sr. No. of Question Paper : 8579 GC-4

Unique Paper Code : 62051202

Name of the Paper : MIL, Hindi Bhasha Aur Sahitya-A

Name of the Course : B.A. (Prog.) Hindi A

Semester : II

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 75

## छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न–पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।

1. सप्रंग व्याख्या कीजिए:

(क) करता था तौ क्यूं रह्या, अब करि क्यूं पछताइ।। (10×3=30)

बोवै पेड़ वबूल का, अंब कहाँ तैं खाइ।।

जांनि बूझि साचहिं तजैं, करैं झूठ सूँ नेह।

ताकी संगति राम जी, सुपिनैं ही जिनि देहु।।

**अथवा**

P.T.O.

हरि म्हारा जीवण प्राण अधार।। टेक।।
और आसिरा णा म्हारा थें विण, तीनूं लोक मँझार।
थें विण म्हाणे जग णा सुहावाँ, निरख्याँ सब संसार।
मीरा रे प्रभु दासी रावली, लीज्यो णेक णिहार।।

(ख) वे न इहाँ नागर, बढ़ी जिन आदर तो आब।
फूल्यौ अनफूल्यौ भयौ, गवँई-गाँव, गुलाब।।
नीच हियैं हुलसे रहैं गहे गेंद के पोत।
ज्यौं ज्यौं माथैं मारियत, त्यौं-त्यौं ऊँचे होत।

**अथवा**

हीन भएँ जल मीन अधीन कहा कछु मो अकुलानि समानै।
नीर सनेही कों लाय कलंक निरास ह्वै कायर त्यागत प्रानै।
प्रीति की रीति सु क्यौं समझैं जड़ मीत के पानि परे को प्रमानै।
या मन की जु दसा घनआनँद जीवन की जीवनि जान ही जानै।।

(ग) सब लोग हिल मिलकर चलो, पारस्परित ईर्ष्या तजो,
भारत न दुर्दिन देखता, मचता महाभारत न जो,



हो स्वप्नतुल्य सदैव को सब शैर्य्य सहसा खो गया,
हा! हा! इसी समराग्नि में सर्वस्व स्वाहा हो गया।।

**अथवा**

तू तरुण देश से पूछ अरे,
गूँजा कैसा यह ध्वंस-राग?
अम्बुधि-अन्तस्तल-बीच छिपी,
यह सुलग रही है कौन आग?
प्राची के प्रागंण-बीच देख,
जल रहा स्वर्णयुग-अग्निज्वाल,
तू सिंहनाद कर जाग तपी!
मेरे नगपति! मेरे विशाल।

2. किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय दीजिए: (10)

(क) कबीर;

(ख) मीराँ

3. बिहारी के पदों पर प्रतिपाद्य लिखिए। (10)

**अथवा**

घनानन्द की प्रेम–व्यंजना के वैशिष्ट्य पर प्रकाश डालिए।

4. नागार्जुन की कविता 'बादल को घिरते देखा है' के काव्य सौन्दर्य पर विचार कीजिए। (10)

**अथवा**

प्रसाद की काव्य–भाषा का विश्लेषण कीजिए।

5. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए: (5×3=15)

(i) हिंदी भाषा का विकास;

(ii) खड़ी बोली;

(iii) आदिकाल का नामकरण;

(iv) राम काव्य;

(v) छायावादी कविता;

(vi) रीति बद्ध काव्य।

[This question paper contains 4 printed pages.]

17/5/17

Your Roll No..............

DESHBANDHU COLLEGE LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

**Sr. No. of Question Paper : 8580 GC-4**

Unique Paper Code : 62051203

Name of the Paper : Hindi – B

Name of the Course : **B.A. (Prog.) CBCS**

Semester : II

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

## छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. किन्हीं तीन अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

(क) सात समंद की मसि करौ, लेखनि सब बनराइ।

धरती सब कागद करौ, तऊ हरि गुण लिख्या न जाइ।

**अथवा**

सटपटाति सी ससिमुखी, मुख घूंघट पट ढांकि।

P.T.O.

पावक झर सी झमकि कै, गई झरोखा झांकि। (10)

(ख) कृपासिंधु बोले मुसुकाई, सोइ करू जेहिं तव नाव न जाई।

बेगि आनु जल पाय पखारू, होत बिलंबु उतारहि पारू।

**अथवा**

इंद्र जिमि जम्भ पर बाड़व सुंअभ पर, रावण सदम्भ पर रघुकुल राज हैं।

पौन बारिबाह पर संभु रतिनाह पर, ज्यौं सहस्रबाहु पर राम द्विजराज हैं।

दावा द्रुमदंड पर चीता मृग झुंड पर, भूषन बितुंड पर जैसे मृगराज हैं

तेज तम अंस पर कान्ह जिमि कंस पर, यों मलेच्छ-बंस पर सेर सिवराज हैं। (10)

(ग) मेरा मंदिर, मेरी मस्जिद

काबा-काशी यह मेरी।

पूजा-पाठ, ध्यान-जप-तप है

घट-घट वासी यह मेरी।

**अथवा**

नव गति, नव लय, ताल-छंद नव



नवल कंठ, नव जलद-मंदर रव;

नव नभ के नव विहाग-वृन्द को

नव पर, नव स्वर दे! (10)

(ख) सुभद्रा कुमारी चौहान अथवा सूर्यकांत त्रिपाठी निराला का साहित्यिक परिचय दीजिए। (10)

(ग) पाठ्य-क्रम में निर्धारित कबीर अथवा भूषण की कविता का केन्द्रीय भाव लिखिए। (10)

(घ) केवट प्रसंग अथवा बालिका का परिचय कविता का सार लिखिए। (10)

(ङ)(क) निम्नलिखित में से किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए (5)

(i) हिन्दी का विकास;

(ii) खड़ी बोली हिन्दी।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए: (5+5=10)

(i) आदिकाल का नामकरण;

(ii) कृष्णभक्ति काव्य:

(iii) रीतिबद्ध काव्य;

(iv) प्रगतिवाद।

(10)

[This question paper contains 4 printed pages.]

17/5/17

**Your Roll No..............**

DESHBANDHU COLLEGE LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

**Sr. No. of Question Paper : 8581** **GC-4**

Unique Paper Code : 62051204

Name of the Paper : Hindi – C

Name of the Course : **B.A. (Prog)**

Semester : II

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

समय : 3 घंटे पूर्णांक : 75

<u>छात्रों के लिए निर्देश</u>

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

1. सप्रसंग व्याख्या कीजिए : (10×3=30)

(क) जब प्राप्त तुम्हें सब तत्त्व यहाँ
फिर जा सकता वह सत्त्व कहाँ
तुम स्वत्त्व सुधा रस पान करो
उठके अमरत्व विधान करो
दवरूप रहो भव कानन को
नर हो, न निराश करो मन को

P.T.O.

**अथवा**

अर्द्धशती हहराती निकल गयी तब से।
कितने ही मधु पतझर बीत गये अनजाने,
ग्रीष्म तपे, वर्षा झूली, शरदें मुसकाईं,
सी-सी कर हेमन्त कँपे, तरु झरे, खिले वन।
औ' जब फिर से गाढ़ी, ऊदी लालसा लिये
गहरे, कजरारे बादल बरसे धरती पर
योंही कौतूहल-वश आँगन के कोने की
गीली तह को योंही ऊँगली से सहलाकर
बीज सेम के दबा दिये मिट्टी के नीचे!

(ख) (i) निंदक नियरे राखिए, आँगन कुटी छबाय।
बिन पाणी बिना साबुना निरमल करै सुभाय।।

(ii) माला फेरत जुग भया, फिरा न मन का फेर।
करका मनका डार दे, मनका-मनका फेर।।

**अथवा**

ऊधो मन न भए दस बीस।
एक हुतो सो गयौ स्याम संग, को आराधे ईस।
इंद्री सिथिल भई केसव बिनु, ज्यौं देही बिनु सीस।



आसा लागि रहति तन स्वासा, जीवहिं कोटि बरीस।
तुम तौ सखा स्याम सुंदर के, सकल जोग के ईस।
सूर हमारैं नंद-नंदन बिनु, और नहीं जगदीस।

(ग) (i) कहत नटत, रीझत खिझत, मिलत खिलत लजियात।
भरे भौन में करत हैं, नैननु हीं सब बात।।

(ii) कनक कनकते सौ गुनी, मादकता अधिकाय
वा खाए बौरात है, या पाए बौराय।

**अथवा**

रावरे रूप की रीति अनूप, नयो नयो लागत ज्यौं ज्यौं निहारिये।
त्यौं इन आँखिन बानि अनोखी अधानि कहूँ नहिं आन तिहारिये।
एक ही जीव हुतौ सु तौ वार्‌यो सुजान सकोच औ सोच सहारियै।
रोकी रहे न दहै घनआनँद बावरी रीझ के हाथनि हारियै।

2. कबीर **अथवा** सूरदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विचार कीजिए। (10)

3. घनानंद की कविता में प्रेम के स्वरूप पर विचार कीजिए। (10)

**अथवा**

बिहारी के काव्य में शृंगार वर्णन पर विचार कीजिए।

4. 'आः धरती कितना देती है' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए। (10)

**अथवा**

'नर हो, न निराश करो मन को-' कविता की काव्य-संवेदना पर विचार कीजिए।

5. किन्हीं **तीन** पर टिप्पणी लिखिए : (5×3=15)

(i) हिंदी भाषा का स्वरूप

(ii) पूर्वी हिंदी बोली वर्ग

(iii) आदिकालीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियाँ

(iv) राम काव्य की प्रमुख विशेषताएँ

(v) प्रयोगवाद

(vi) भारतेंदुयुगीन साहित्य

[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No...............

**Sr. No. of Question Paper** : **8614** **GC-4**

Unique Paper Code : 62051201

Name of the Paper : Hindi Kavita (Madhyakal Aur Aadhunik Kaal)

Name of the Course : **B.A. (Prog.) Hindi**

Semester : II

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

DESHBANDHU COLLEGE LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

## छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।

किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:

1. (क) कबीर माला काठ की, कहि समझावै तोहि। (10×2=20)

मन न फिरावै आपणां, कहा फिरावै मोहि।

कबीर सांइ सूं सब होत है, बंदै थैं कुछ नांहि।

राई थैं परबत करें, परबत राई मांहि।।

P.T.O.

(ख) अति सूधो सनेह को मारग है जहँ नैकु सयानप बाँक नहीं।
तहँ साँचे चलैं तजि आपनपौ, झिझकै कपटी जे निसाँक नहीं।
घनआनंद प्यारे सुजान सुनौ, इत एक ते दूसरो आँक नहीं।
तुम कौन सी पाटी पढ़े हौ लला, मन लेहु पै देहु छटाँक नहीं।।

(ग) जब याद आती है बड़ों के उन सपूतों की कथा,
उनके सखा, संगी, विदूषक और दूतों की कथा।
तब निकल पड़ते हैं हृदय से वचन ऐसे दुख भरे-
होवें न ऐसे पुत्र चाहे हो कुल-क्षय हे हरे!

(घ) सूखीं कितनी इसकी कलियाँ,
मुरझाई कितनी वल्लरियाँ,
जो मुरझाई फिर कहाँ खिलीं;
पर बोलो सूखे फूलों पर
कब मधुवन शोर मचाता है;
जो बीत गई सो बात गई!



2. सूरदास के बाल-लीला-वर्णन की विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

तुलसीदास की भक्ति-भावना पर विचार कीजिए। (13)

3. "बिहारी के दोहे 'गागर में सागर' भरने की उक्ति को चरितार्थ करते हैं।" विचार कीजिए।

**अथवा**

"नागार्जुन की काव्य-भाषा जन-जन की भाषा है।" विवेचन कीजिए। (13)

4. प्रसाद के गीतों की विशेषताएँ लिखिए।

**अथवा**

'भारत भारती' के आधार पर गुप्त जी की राष्ट्रीय-भावना पर प्रकाश डालिए। (13)

5. किसी एक कवि का साहित्यिक परिचय लिखिए- (08)

(1) कबीर

(2) घनानंद

6. 'हिमालय के आँगन में' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए।

**अथवा**

'गीत फरोश' कविता का कथ्य स्पष्ट कीजिए। (08)

[This question paper contains 4 printed pages.]

**Your Roll No.**............

**Sr. No. of Question Paper : 5404** **G**

Unique Paper Code : 205239

Name of the Paper : Hindi Language (A)
(आधुनिक भारतीय भाषा : हिन्दी 'क')

Name of the Course : **B.A. (Programme)**

Semester : II

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

DESHBANDHU COLLEGE LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

## छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

1. हिंदी के विकास में भारतेंदु हरिश्चंद्र और राजा लक्ष्मण सिंह की भूमिका को स्पष्ट कीजिए। (९)

**अथवा**

मध्यकाल में प्रयुक्त 'अवधी' के स्वरूप का परिचय दीजिए।

2. राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर बताते हुए राजभाषा की विशेषताएँ लिखिए। (९)

P.T.O.

**अथवा**

साहित्यिक पत्र-पत्रिकाओं में हिंदी भाषा के स्वरूप पर विचार कीजिए।

3. किसी **एक** पर टिप्पणी लिखिए : (7)

(क) खड़ी बोली हिंदी

(ख) नागरी प्रचारिणी सभा

(ग) हिंदी-उर्दू का अंतःसंबंध

4. रेडियो समाचार की भाषा पर विचार कीजिए। (9)

**अथवा**

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के संदर्भ में हिन्दी दैनिक के संपादक के नाम एक पत्र लिखिए।

5. टेलीविजन पर होने वाली परिचर्चा की भाषा का स्वरूप स्पष्ट कीजिए। (9)

**अथवा**

हिंदी फिल्मी-संवादों का भाषिक विश्लेषण कीजिए।

6. किसी **एक** विषय पर टिप्पणी लिखिए : (7)

(क) एस. एम. एस. की हिन्दी



(ख) रेडियो विज्ञापनों की भाषा

(ग) हिंदी धारावाहिकों की भाषा

7. किन्हीं **आठ** शब्दों के हिन्दी प्रतिरूप लिखिए : (8)

Autograph, Bonafide, Circular, Discretion, Endorsement, Fiscal Year, Good Will, Idea, Identity, Lump sum, Image, Typical, Undertaking, Verification

8. प्रिंट मिडिया के लिए 'सौंदर्य-प्रसाधन' सम्बन्धी एक विज्ञापन बनाइए। (6)

**अथवा**

'प्राकृतिक आपदा' विषय पर एक फीचर लिखिए।

9. अपने मोहल्ले की खस्ता हाल सड़कों को आधार बनाकर दैनिक समाचार-पत्र के लिए समाचार तैयार कीजिए। (5)

**अथवा**

'पोलिथिन के रोकथाम' और 'प्रदूषित सब्जियाँ' पर एक-एक स्लोगन लिखिए।

10. किसी **एक** विषय पर वार्ता लिखिए : (6)

(क) किसान आत्महत्या

(ख) मेक इन इंडिया

(ग) प्रदूषण की समस्या

[This question paper contains 4 printed pages.]

Your Roll No. 31517

**Sr. No. of Question Paper : 5405** **G**

Unique Paper Code : 205240

Name of the Paper : Hindi (B)

Name of the Course : **B.A. (Programme)**

Semester : II

DESHBANDHU COLLEGE LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 75

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. आजादी से पूर्व हिन्दी भाषा के भौगोलिक क्षेत्र का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

'राष्ट्रीय स्वाधीनता आंदोलन में हिन्दी की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है।' विचार कीजिए। (9)

2. राजभाषा के रूप में हिन्दी का आशय स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

संपर्क भाषा के रूप में हिन्दी की उपादेयता पर विचार कीजिए। (9)

P.T.O.

3. किसी **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (7)

(i) राष्ट्रभाषा हिंदी

(ii) हिन्दी भाषा का मानकीकरण

4. संचार माध्यम से आप क्या समझते हैं ? इसके विविध रूपों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

समाचार का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसके महत्त्व पर विचार कीजिए। (9)

5. टेलीविज़न पर प्रसारित होने वाले विज्ञापनों की भाषा पर विचार कीजिए।

**अथवा**

एफ. एम. रेडियो पर प्रसारित कार्यक्रमों की लोकप्रियता में भाषा के योगदान पर विचार कीजिए। (9)

6. किसी **एक** पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : (7)

(i) फीचर की भाषा

(ii) खेल समाचारों की भाषा

7. किन्हीं **पाँच** का हिन्दी प्रतिरूप लिखिए : (5)

Audience, Depositor, Contract, Once in a blue moon, Handsome is that handsome does, To Freeze out, Draft approved as amended, Application may be rejected, The matter is under consideration.



8. टिप्पण का अर्थ स्पष्ट करते हुए उसकी उपयोगिता का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

प्रारूपण का स्वरूप स्पष्ट करते हुए उसकी विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। (5)

9. महिलाओं के विरूद्ध बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस आयुक्त को पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

किसी टी. वी. चैनल में समाचार वाचक हेतु आवेदन के लिए स्ववृत्त (बायोडाटा) तैयार कीजिए।

10. किसी **एक** विषय का पल्लवन कीजिए : (4)

(i) संघर्ष ही जीवन है

(ii) श्रम का महत्त्व

(iii) आवश्यकता आविष्कार की जननी है

(iv) मन के हारे हार है, मन के जीते जीत

**अथवा**

निम्नलिखित अवतरण का संक्षेपण करते हुए उसका उपयुक्त शीर्षक दीजिए :

किसी भी राष्ट्र को उसकी युवा शक्ति पर गर्व होता है। जोश, जज़्बे और

जुनून से भरा युवा वर्ग राष्ट्र का भविष्य तय करता है। स्वामी विवेकानंद युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे हैं। उन्होंने युवाओं को राष्ट्र के उन्नयन में सबसे महत्त्वपूर्ण माना है। आज ऐसे समय में, जब अधिकांश विकसित देश अपनी–अपनी बुढ़ाती जनसंख्या से हतोत्साहित हो रहे हैं, ऐसे में भारत को अपनी युवा शक्ति के बल पर विश्व शक्ति बनने की दिशा में आगे बढ़ना चाहिए। यह तभी संभव है जब युवा सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़े।

11. किसी **एक** विषय पर निबंध लिखिए : (6)

(i) इंटरनेट के लाभ और हानियाँ

(ii) आंतकवाद : समस्या और समाधान

(iii) भ्रष्टाचार : एक अभिशाप

(iv) मेरी अविस्मरणीय यात्रा

[This question paper contains 8 printed pages.]

Your Roll No..............

Sr. No. of Question Paper : 5406 G

Unique Paper Code : 205241

Name of the Paper : Hindi Language C (हिंदी ग)

Name of the Course : B.A. (Programme)

Semester : II

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

DESHBANDHU COLLEGE LIBRARY Kalkaji, New Delhi-19

**छात्रों के लिए निर्देश**

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।

2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं। किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (10+10=20)

(क) उपभोक्ता संस्कृति के फैलाव का परिणाम क्या होगा ? यह गंभीर चिन्ता का विषय है। हमारे सीमित संसाधनों का घोर अपव्यय हो रहा है। जीवन की गुणवत्ता आलू के चिप्स से नहीं सुधरती। न बहुविज्ञापित शीतल पेयों से। भले ही वे अन्तर्राष्ट्रीय हों। पिज्जा और बर्गर कितने ही आधुनिक हों, हैं वे कूड़ा खाद्य। समाज में वर्गों की दूरी बढ़ रही है, सामाजिक

सरोकारों में कमी आ रही है। जीवन स्तर का यह बढ़ता अन्तर आक्रोश और अशान्ति को जन्म दे रहा है। जैसे-जैसे दिखाने की यह संस्कृति फैलेगी, सामाजिक अशान्ति भी बढ़ेगी। हमारी सांस्कृतिक अस्मिता का ह्रास तो हो ही रहा है, हम लक्ष्यभ्रम से भी पीड़ित हैं। विकास के विराट उद्देश्य पीछे हट रहे हैं, हम झूठी तुष्टि के तात्कालिक लक्ष्यों का पीछा कर रहे हैं। मर्यादाएँ टूट रही हैं, नैतिक मानदंड ढीले पड़ रहे हैं। व्यक्ति केन्द्रिकता बढ़ रही है, स्वार्थ परमार्थ पर हावी हो रहा है। भोग की आकांक्षाएँ आसमान को छू रही हैं। किस बिन्दु पर रूकेगी यह दौड़ ?

प्रश्न –

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) जीवन की गुणवत्ता किन चीजों से नहीं सुधरेगी ?

(iii) समाज में आक्रोश और अशान्ति का कारण क्या है ?

(iv) उपभोक्ता संस्कृति की दौड़ से क्या नुकसान हो रहा है ?

(v) 'आक्रोश' और 'ह्रास' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(ख) बुढ़िया का क्रोध तुरंत स्नेह में बदल गया, और स्नेह भी वह नहीं, जो प्रगल्भ होता है और अपनी सारी कसक शब्दों में बिखेर देता है। यह मूक स्नेह था, खूब ठोस, रस और स्वाद से भरा हुआ। बच्चे में कितना त्याग, कितना सद्भाव और कितना विवेक है। दूसरों को खिलौने लेते और मिठाई खाते देखकर इसका मन कितना ललचाया होगा। इतना ज़ब्त इससे हुआ कैसे। वहाँ भी इसे अपनी बुढ़िया दादी की याद बनी



रही। अमीना का मन गद्गद् हो गया। और अब एक बड़ी विचित्र बात हुई। हामिद के इस चिमटे से भी विचित्र। बच्चे हामिद ने बूढ़े हामिद का पार्ट खेला था। बुढ़िया अमीना बालिका अमीना बन गई। वह रोने लगी। दामन फैला कर हामिद को दुआएँ देती जाती थी और आँसू की बड़ी-बड़ी बूँदें गिराती जाती थीं। हामिद इसका रहस्य क्या समझता !

प्रश्न –

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है और इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) बुढ़िया अमीना का क्रोध स्नेह में क्यों बदल गया ?

(iii) लेखक के अनुसार क्या विचित्र बात हुई ?

(iv) अमीना का मन गद्गद् क्यों हो गया ?

(v) 'कसक' और 'दुआएँ' शब्दों के अर्थ लिखिए।

(ग) देश का काम किस भाषा में चले, यह विद्वानों, लेखकों और साहित्यिकों का प्रश्न नहीं, बल्कि राजकीय प्रश्न है, विशुद्ध लोक-इच्छा का प्रश्न। मैंने जब सुना कि वर्धा में इकट्ठे करीब एक हज़ार राष्ट्रभाषा प्रचारकों के सामने घर-मन्त्री ने अंग्रेजी को अनन्त काल तक रखने की बात कही तो किसी ने भी प्रतिवाद नहीं किया, तब मुझे मिचली जैसी आई। हिंदी के प्रचारक, लेखक वगैरह प्राय: सभी बिक चुके हैं। जब वे तटीय लोगों की आड़ लेते हैं और कहते हैं कि बंगाली अथवा तमिल लोगों के लिए अंग्रेजी रखना जरूरी है तब उनसे बड़ा झूठा कोई नहीं। हिंदी

के मध्यदेशों से अंग्रेजी को हटाने का झंडा यह लोग क्यों नहीं उठाते ? थोड़ी देर के लिए तटदेशीय लोगों की बात छोड़ दें, तो भी मध्यदेशीय लोगों का किसी क्षेत्र में, चाहे सेना, रेल, तार, न्यायालय, सरकारी दफ्तर वगैरह में एक क्षण के लिए अंग्रेजी कायम रखना देशद्रोह है।

प्रश्न –

(i) प्रस्तुत अनुच्छेद किस पाठ से लिया गया है ? इसके लेखक कौन हैं ?

(ii) देश का काम किस भाषा में चले, यह किसकी ज़िम्मेदारी है ?

(iii) वर्धा में घर-मन्त्री की बात पर लेखक को मिचली जैसा क्यों लगा ?

(iv) लेखक के अनुसार किससे बड़ा झूठा नहीं हो सकता है ?

(v) लेखक के अनुसार देशद्रोह क्या है ?

2. किन्हीं **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (5×2=10)

(i) हामिद चिमटे के क्या-क्या गुण बताकर अपने दोस्तों को चिमटे की ओर आकर्षिक करता है ? (ईदगाह)

(ii) प्राकृतिक प्रकोप से क्या अभिप्राय है ? (थकी हारी धरती को अब विश्राम दीजिए)

(iii) हिंदी को सहज और सरल कैसे बनाया जा सकता है ? (हिंदी का सरलीकरण)



(iv) गाँवों की समस्या का हल केवल बुद्धि-बल से क्यों नहीं हो सकता ? (गाँवों की अनिवार्य आवश्यकताएँ)

(v) पोशाक मनुष्यों को विभिन्न श्रेणियों में किस प्रकार बाँटती है ? (दुख का अधिकार)

(vi) उपभोक्तावाद का भारत के समाज पर क्या प्रभाव पड़ा है ? (उपभोक्तावाद की संस्कृति)

(vii) महात्मा गाँधी की हत्या किसने और क्यों की थी ? (दिल्ली की आपबीती)

3. 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : (4×3=12)

(i) 'निर्मला' उपन्यास की मुख्य समस्या क्या है ?

(ii) तोताराम मंसाराम को छात्रावास क्यों भेजते हैं ?

(iii) निर्मला और सुधा की मित्रता किस प्रकार की थी ?

(iv) निर्मला को खुश करने के लिए तोताराम के दोस्तों ने कौन-कौन से नुस्ख़े बताए थे ?

(v) उदयभानु लाल और उनकी पत्नी कल्याणी की कहासुनी क्यों होती थी ?

(vi) सियाराम कौन था ? वह मुंशी तोताराम से नाराज़ क्यों रहने लगा ?

**अथवा**

आज भी खरे हैं तालाब (भारतीय तालाब) के आधार पर किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) मानव जीवन में तालाब की क्या उपयोगिता है ?

(ii) तालाबों की घटती संख्या के क्या कारण हैं ?

(iii) पुरी का बिंदु सागर राष्ट्रीय एकता का प्रतीक क्यों कहलाता है ?

(iv) जैसलमेर के घड़सीसार का वर्णन कीजिए।

(v) तालाब बनाने वालों को क्या कहते हैं तथा समाज में किस प्रकार इन्हें सम्मानित करने की प्रथा है ?

(vi) कैसा तालाब आदर्श माना जाता है ?

4. किसी **एक** विषय पर लेख लिखिए : (7)

(i) पर्यावरण संकट

(ii) सोशल साइट्स के प्रति बढ़ता आकर्षण

(iii) सड़कों पर बढ़ता यातायात

5. 'कॉलेज में सपन्न सांस्कृतिक उत्सव' पर एक रिपोर्ट तैयार कीजिए। (6)

**अथवा**



'दिल्ली में बिगड़ती कानून-व्यवस्था की स्थिति' पर किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक के नाम एक पत्र लिखिए।

6. (क) किन्हीं **तीन** के उपसर्ग और मूल शब्द अलग कीजिए : (3)

अभिमान, परिस्थिति, विपक्ष, सहपाठी, अनीति।

(ख) किन्हीं **तीन** के मूल शब्द और प्रत्यय अलग कीजिए : (3)

मानवता, गरीबी, गाड़ीवाला, धार्मिक, कालापन।

(ग) किन्हीं **तीन** का संधि-विच्छेद कीजिए : (3)

महर्षि, गणेश, दिग्गज, उच्चारण, हिमालय।

(घ) किन्हीं **तीन** का समास-विग्रह कीजिए : (3)

राजपुत्र, पीताम्बर, नवरत्न, रोज़ी-रोटी, देशप्रेम।

7. (क) किन्हीं **तीन** का पदबंध प्रकार बताइए : (3)

(i) सबसे तेज दौड़ने वाला छात्र जीत गया।

(ii) कुछ लोग सोते-सोते चलते हैं।

(iii) अब दरवाज़ा खोला जा सकता है।

(iv) उसका पुत्र अत्यंत प्रतिभाशाली, मेधावी और आज्ञाकारी है।

(v) उसने साँप को पीट-पीटकर मार डाला।

(ख) किन्हीं **तीन** वाक्यों को शुद्ध कीजिए : (3)

(i) मुझे एक फूलों की माला चाहिए।

(ii) वह आप से आप चला गया।

(iii) यह असली गाय का दूध है।

(iv) मेरे को इससे कोई मतलब नहीं।

(v) तुमने कहाँ जाना है ?

(vi) शनिवार के दिन छुट्टी है।

(ग) किन्हीं **चार** शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : (2)

साप्ताहिक, प्रशाद, वयसक, जिवित, कवीता, सिक्षा, परीनाम।